वार्षिक कार्यशाला आयोजित

धौलपुर,। महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा पुलिस थाना मनिया में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की वार्षिक कार्यशाला का आयोजन आदर्श विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय मनिया में किया गया, साथ मे संकल्प 100 अभियान के तहत महिला केंद्रित विधान सप्ताह भी आयोजित किया गया। एमएसएसके मनिया का संचालन प्रयास ग्रामीण विकास संस्थान धौलपुर द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए सहायक निदेशक विश्व देव पांडेय द्वारा नवीन क्रिमिनल लॉज, ई-एफआईआर, हैल्पलाइन नम्बर्स की छात्राओं को जानकारी दी तथा इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के विषय मे लोनिग की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ोदा से पधारी मैनेजर द्वारा संदेश दिया कि लोन को वापस चुकाना भी आवश्यक है, इसलिये लोन का पैसा वास्तविक व्यवसाय में ही लगाएं। जेंडर स्पेशलिस्ट कनुप्रिया कौशिक द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गयी। एमएसएस काउंसलर एडवोकेट प्रज्ञा बैसला द्वारा केंद्र की कार्य प्रणाली समझाई गयी।

पुलिस थाना मनिया के हेड कांस्टेबल चंद्रभान द्वारा मनिया पुलिस के महिला अपराधों के मामले में हरदम मुस्तेदी का भरोसा दिलाया।

संभागीय आयुक्त ने रात्री चौपाल में की जन सुनवाई, समस्याओ का त्वरित कराया निस्तारण

गंगापुर सिटी। आमजन की समस्याओं की सुनवाई और उनके निस्तारण के लिए भरतपुर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने गुरुवार को वजीरपुर की ग्राम पंचायत मीना बडौदा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 41 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें कुछ समस्याओं का मौके पर रही निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में संभागीय आयुक्त ने पीड़ितो की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विभिन्न प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 41 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें आम रास्ते पर जलभराव, चारागाह, मंदिर माफी, पंचायत, रास्ते, खातेदारी आदि की भूमि पर अतिक्रमण, पत्थरगडी, जनाधार सीडिंग, खाद्य सुरक्षा, कृषि कनेक्शन बिल, बिजली बिल माफी, राजश्री योजना, प्लेसमेंट एजेंसी, नाली की सफाई, चम्बल परियोजना सहित अन्य प्रकरण शामिल हैं। वार्ड नंबर 33 के पार्षद गौरव मंगल द्वारा संभागीय आयुक्त को जनसुनवाई में शिकायत दी गई जिसमें पार्षद द्वारा बताया गया कि गंगापुर शहर की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो चुकी है, आयुक्त द्वारा शहर की तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है पूर्व में भी सूचना देने पर ना तो वार्ड में ऑटो टिपर आ रहा है और ना ही खराब पडे पुरानी रोडों को सही करवाया जा रहा है एवं इस बार नालों की सफाई भी नहीं करवाई गई है। वार्ड पार्षद द्वारा वार्ड की विकास के लिए कोई भी कार्य बोलने पर बजट न होने का बहाना लगा दिया जाता है एवं नगर परिषद में मनचाहे अन्य बिल पास किया जा रहे हैं। नगर परिषद आयुक्त को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत शिकायत करने पर भी बदनियति से कोई भी जवाब न देकर केवल खानापूर्ति की जा रही है, वार्ड पार्षद ने संभागीय आयुक्त के समक्ष वर्तमान में आयुक्त पर मनमानी एवं पक्षपात पूर्ण कार्य करने का आरोप लगाया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी अनूपसिंह, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी अनूप सिंह सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, सरपंच सरिता मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधि और परिवादी उपस्थित थे।

- **जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 41 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें आम रास्ते पर जलभराव, चारागाह, मंदिर माफी, पंचायत, रास्ते, खातेदारी आदि की भूमि पर अतिक्रमण, नाली की सफाई, चम्बल परियोजना सहित अन्य प्रकरण शामिल हैं**

गंगापुर सिटी मे रात्री चौपाल में जन सुनवाई करते संभागीय आयुक्त।

आवेदन की अंतिम तिथि 1 अगस्त

करौली (नि.स.)। जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों जिनकी योग्यता जेसीओ एवं हवलदार रैंक जिनकी उम्र 52 वर्ष से कम हो को सूचित किया जाता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत गुबरेंडा,

पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 26.7.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत गुबरेंडा पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत गुबरेंडा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गुबरेंडा, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

कार्यालय ग्राम पंचायत मामचारी,

पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 22.07.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत मामचारी, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत मामचारी, पंचायत समिति करौली, जिला करौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मामचारी, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

अभियान चलाने की मांग की

भरतपुर (निस)। राज्य विधानसभा में पूर्व राज्य मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर की स्कीम नंबर 13 व कच्चा परकोटा पर रहने वाले लोगों के लिए पट्टे दिलवाने के साथ ही नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों की भर्ती में बाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग करते हुए सुजान गंगा नहर का जीर्णोद्धार कराने पर जोर दिया। डॉ. सुभाष गर्ग ने विधानसभा में कहा कि 15 साल पहले भरतपुर की स्कीम नंबर 13 को लांच किया गया था और किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया था। लेकिन किसानों को अभी तक भूमि के बदले भूमि नहीं मिली है और आधे से अधिक लोगों को पट्टे भी नहीं मिल पाए हैं। उन्होंने शहर के कच्चे परकोटे पर रहने वाले लोगों के लिए भी पट्टे दिलवाने की मांग करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की तरह प्रशासन शहरों एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान का चलाया जाए जिससे आमजन लाभान्वित हो सके। डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में बाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देते हुए उनके लिये सफाई कर्मी पद आरक्षित किया जाए। उन्होंने सुजान गंगा नहर का जोरदारी के साथ मुद्दा उठाते हुए कहा कि भरतपुर शहर की सुजान गंगा नहर लाइफ लाइन थी लेकिन अब वह सोसाइट पॉइंट बनती जा रही है। हालांकि पूर्वर्ती सरकार के कार्यकाल में सुजान गंगा के जीर्णोद्धार के लिये कई कार्य कराए गए और अभी भी उसके जीर्णोद्धार के लिये बिशेष आवश्यकता है। ऐसे में सुजान गंगा नहर के जीर्णोद्धार के लिये बिशेष प्रावधान किए जाएं ताकि आमजन लाभान्वित हो सके।

बिल राशि रिफण्ड करने के नाम पर ठगी की

भरतपुर (निस)। पिछले कुछ दिनों से साइबर ठगों ने विद्युत उपभोक्ताओं के साथ बिजली बिल अपडेट करने, बिल राशि रिफण्ड करने के नाम पर ठगी की घटनाएं की है। इन घटनाओं को लेकर भरतपुर के कई थानों में एक दर्जन से अधिक लोगों ने मामले दर्ज कराएं है। भरतपुर. में ठगी की फिराक में साइबर ठग लोगों को झांसे में लेने के लिए नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। अभी तक विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल बकाया होने का हवाला देते हुए विद्युत कनेक्शन काटने के धमकी वाले फर्जी मोबाइल फोन संदेश आते थे, लेकिन अब साइबर ठग विद्युत अधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को फोन कर रहे हैं और बिल जमा नहीं होने का कहकर दुबारा बिल भरने के लिए लिंक भेजने की कहकर ठगी के प्रयास में हैं। विद्युत अधिकारी बनकर उपभोक्ताओं के मोबाइल पर फोन करके धमकी दे रहे हैं कि 'आपने जो पिछला बिल जमा कराया है वह गलत हो गया है। सिस्टम में अपडेट नहीं हुआ है। अब दुबारा जमा कराना पड़ेगा। इसके लिए वह पैसे अब आपके खाते में वापस जमा करा रहे हैं। उसके बाद एक लिंक भेजेंगे। उसे क्लिक करना। उसके बाद एक एप्लिकेशन डाउन लोड करना पड़ेगा। उस एप्लिकेशन को डाउनलोड करने के बाद दुबारा से बिल भरना होगा। इस प्रकार नहीं किया तो आपकी बिजली काट दी जाएगी।' इस प्रकार के फोन से उपभोक्ता परेशान हैं। बीईएसएल के जन सम्पर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि बीईएसएल इस तरह का कोई भी फोन अपने उपभोक्ताओं को नहीं करता है। उपभोक्ता फर्जी फोनों से सावधान रहें और किसी प्रकार की लिंक या एप्लिकेशन को क्लिक नहीं करें। बीईएसएल बिल बकाया होने की स्थिति में बकायदा नोटिस भेजता है और ऑफिस के ड्यूटी टाइम में ही उपभोक्ताओं को फोन करता है और सिर्फ बिल जमा कराने की कहता है। पिछले कुछ दिनों से साइबर ठग उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं से अपील है कि अगर किसी व्यक्ति का बिजली कम्पनी के नाम से फोन आता है तो उसे अपना व्यक्तिगत ब्यौरा खासकर बैंक की जानकारी और ओटीपी साझा नहीं करें। अगर कोई लिंक भेजता है तो उसे क्लिक नहीं करें।

ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

गंगापुर सिटी (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी मृतक के शव को जिला हॉस्पिटल लेकर गई। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर सुपुर्द कर दिया। जीआरपी थाना पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त गंगापुर सिटी के पास नसिया कॉलोनी निवासी विनोद गुप्ता (40) पुत्र महेश गुप्ता के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि विनोद गुप्ता रेलवे स्टेशन के पास कोई काम होने की बात कहकर घर से निकला था।

इसी दौरान गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस की सूचना पर एंबुलेंस से विनोद को गंगापुर जिला हॉस्पिटल लाया गया

कार्यालय ग्राम पंचायत डुकाबली,

पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 26.7.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत डुकाबली, पं.स. मासलपुर की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत डुकाबली, पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत डुकाबली, पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली

कार्यालय ग्राम पंचायत सौरया,

पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 26.7.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत सौरया पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत सौरया, पंचायत समिति करौली, जिला करौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सौरया, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

शहीदों को श्रद्धांजलि दी

भरतपुर (निस)। कारगिल विजय दिवस का 25वां समारोह लोहागढ स्टेडियम स्थित वार मेमोरियल स्थल पर वीर शहीदों के नाम पुष्पचक्र अर्पित कर मनाया गया। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव सहित पूर्व सैनिकों ने पुष्प चक्र अर्पित करते हुए नमन कर श्रद्धांजलि दी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शहीदों की शहादत एवं वीर सैनिकों की बहादुरी के कारण ही देश सुरक्षित है। युवाओं को सैनिकों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए तथा सभी नागरिकों को शहीदों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शहीदों के परिवार के साथ सहायता के लिए तैयार है, किसी भी प्रकार की समस्या मिलने पर पर त्वरित समाधान कराया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजेन्द्र सिंह ने बताया कि कारगिल विजय दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाकर वीर शहीदों के बलिदान को याद किया गया। कारगिल विजय दिवस की स्मृतियों की चर्चा कर शहीदों को नमन करते हुए उनके अभूतपूर्व बलिदान एवं देश के लिए किये गये त्याग की स्मृतियां ताजा की गई। इस मौके पर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, कर्नल विजय सिंह, कर्नल तेजराम, कर्नल ओमवीर सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष सुदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

बेकाबू होकर पिकअप पलटी, 12 जने घायल

गंगापुर सिटी(निसं)। नादौती की ओर से कस्बा शहर की ओर आ रही एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में पिकअप में सवार 12 लोग घायल हो गए। घायलों को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लाया गया, जिनमें से सात लोगों को भर्ती किया गया। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान अस्पताल में मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में लोगों ने भीड़ को हटाया। सभी घायल गंगापुर सिटी के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार गंगापुर सिटी से नादौती के लिए तीन दिन की जमात गई थी। इस दौरान शुक्रवार को सुबह जमात नादौती से पिकअप द्वारा कस्बा शहर के लिए जा रही थी, जहां कस्बा शहर में जोड (प्रवचन) कार्यक्रम में शामिल होना था। इस दौरान गंगापुर सिटी-नादौती सड़क मार्ग स्थित ल्हावद के पास अचानक पिकअप बेकाबू हो गई और पलट गई। पिकअप में सवार 12 लोग घायल हो गए। घायलों में इस्माइल (60) पुत्र धन्ना खां, कमरूद्दीन, शफी मोहम्मद (53) पुत्र ममोजी, आजम खान, रोशन, उस्मान (60) पुत्र नगीना और अरमान (19) पुत्र आमीन निवासी गंगापुर सिटी हैं। इनमें से गंभीर हालत होने की वजह से डॉक्टरों ने शफी मोहम्मद और उस्मान को जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान अस्पताल में मुस्लिम समाज के लोगों की भीड जमा हो गई।

- **हादसे में हुये दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया**

गंगापुर सिटी के अस्पताल में घायलों का इलाज किया।

जॉन एडवाइजरी मीटिंग का आयोजन

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3233 ई, 1 के जॉन चेयरपर्सन एमजेएफ लाइन सुधीर कुमार सिंघल द्वारा आयोजित प्रथम जॉन एडवाइजरी मीटिंग ओम कंपलेक्स होटल भरतपुर में मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लाइन रामकुमार गुप्ता, असिस्टेंट गवर्नर एवं अतिथि एमजेएफ लाइन प्रवीन फौजदार, रीजन चेयरपर्सन, लायन ओ पी भटनागर, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी के आतिथ्य में आयोजित की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा गणेश जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का व अन्य क्लबो से पधारे अध्यक्ष, सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष व जॉन चेयरपर्सन का होस्ट क्लब लायंस क्लब भरतपुर फ्रेंड्स द्वारा दुपट्टा पहन कर सम्मान किया गया। अन्य सभी क्लबो के सचिव द्वारा उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यो और भविष्य में किए जाने वाले सेवा कार्यों के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लाइन रामकुमार गुप्ता द्वारा अपने उद्बोधन में अधिक से अधिक सेवा कार्य कर समाज में पीड़ित व्यक्ति की सेवा करने का आवाहन किया। एमजेएफ लाइन प्रवीण फौजदार द्वारा कहा गया कि भरतपुर में लायंस क्लबो को एक साथ मिलकर सेवा कार्य करके गवर्नर द्वारा बताए गए सेवा कार्य के मार्ग पर चलकर एक जुटता का परिचय देना चाहिए।

कार्यालय ग्राम पंचायत कोंडर,

पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 26.7.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत कोंडर पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत कोंडर, पंचायत समिति करौली, जिला करौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कोंडर, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KOTA CHHABAR

Panchayat Samiti Masalpur, Distt. Karauli.

S.no.-Spl-8 Date 26.07.2024

E-Tender Notice No. - 01/2024-25

E-Tenders are invited for Gram Panchayat Kota Chhabar, from Firms Registered Under GST Act 2017 in Commercial Tax Department and Experienced Firms/ Suppliers/Interested Bonafied Manufacturers/Retail Sellers/Authorized Dealers/Sole Sellers/Marketing Agents for Material Supply of Construction Work and Equipment Arrangement for MNREGA and Gramin Vikas and All Other Schemes of Panchayati Raj Department for Year 2024-25 till Date 31.03.2025. The details related to this tender can be seen on the website https://eproc.rajasthan.gov.in and https://sppp.rajasthan.gov.in and working days in the office.

SARPANCH, G.P. KOTA CHHABAR, PS MASALPUR, DISTT. KARAULI — VDO, G.P. KOTA CHHABAR, PS MASALPUR, DISTT. KARAULI

पौधारोपण किया

करौली (नि.स.)। करौली शहर के वजीरपुर गेट बाहर दर्जी समाज के कब्रिस्तान में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया गया जहां समाज के लोगों ने उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली।

आरक्षण खिड़की खोलने की मांग

सूरौठ । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजीव शुक्ला व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सैनी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहर सिंह सैनी ने करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव से राजस्थान स्टेट गेस्ट हाउस नई दिल्ली में मुलाकात कर सूरोठ फतेहसिंह पुरा रेल्वे स्टेशन पर कोटा पटना एक्सप्रेस 13238, एवं पश्चिम एक्सप्रेस 12926के ठहराव, और टिकट आरक्षण केंद्र खोले जाने की मांग की सांसद भजनलाल जाटव ने शीघ्र ही सूरोठ वासियों की समस्या के निराकरण के लिए रेल मंत्री से मिलने का आश्वासन प्रदान किया।

कर्मचारियो ने किया विरोध प्रदर्शन

गंगापुर सिटी । पीएचईडी के कार्यो को हस्तांतरण करने के विरोध में शुक्रवार को संयुक्त संघर्ष समिति पीएचईडी गंगापुर सिटी के बैनर तले जलदाय विभाग के कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। जिला संयोजक रामबाबू शर्मा ने बताया कि बजट ०2024-25 की घोषणा के अनुसार पीएचईडी के कार्यो को आरडब्ल्यूएसएससी को हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि राज्य के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना राज्य सरकार के मुख्य कर्तव्यों में शामिल है। भारतीय संविधान निर्माताओं द्वारा भी यह विषय राज्य सूची में सम्मिलित किया गया है।

राज्य का प्रत्येक नागरिक राज्य सरकार से यह अपेक्षा करता है कि उसे उचित दरों पर शुद्ध पेयजल मिले, लेकिन राज्य सरकार आरडब्ल्यूएसएससी को जबरन लागू करने पर आमादा है।

जिसकी वजह से जलदाय कर्मचारी और अधिकारियों में भारी आक्रोश है। इतना ही नहीं इसके दूरगामी विपरीत परिणामों की वजह से कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के आ ान पर इसी कडी में आरडब्ल्यूएसएससी के खिलाफ कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सरकार को चेतावनी दी गई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत खोहरी,

पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 26.7.2024

ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत खोहरी पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत खोहरी, पंचायत समिति करौली, जिला करौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खोहरी, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

कार्यालय ग्राम पंचायत करसाई,

पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 26.7.2024

ई-निविदा सूचना 02/2024-25

ग्राम पंचायत करसाई पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत करसाई, पंचायत समिति करौली, जिला करौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत करसाई, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

कार्यालय ग्राम पंचायत मालौनीपंवार पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक/ग्रा.प.ई.नि.नि.सा./2024/09 दिनांक: 24.07.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 01/2024-2025

ग्राम पंचायत परियोजना से महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 30.07.2024 को समय 11:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00119 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत मालौनीपंवार — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मालौनीपंवार

कार्यालय ग्राम पंचायत सखबारा पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक/ग्रा.प.ई.नि.नि.सा./2024/1-7 दिनांक: 24.07.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 01/2024-2025

ग्राम पंचायत परियोजना से महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 30.07.2024 को समय 11:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00120 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत सखबारा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सखबारा

देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय, देवलेन, करौली (राज.)

क्रमांक: दे.रा.बा.आ.वि./देव/विद्या संबल/2024-25/473 दिनांक: 26.07.2024

विज्ञप्ति

श्रीमान् अतिरिक्त निदेशक महोदय, राईस सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर के पत्रांक एफ 1(A)(01965) स्था./राईस/गैस्ट फैकल्टी/2022/ दिनांक 10.06.2024 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक:-प-6(2)वित्त/सा.वि.ले.नि./2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना में राईस जयपुर के नियन्त्राणा देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय देवलेन करौली के लिए विद्या संबल योजना के अन्तर्गत निम्नांकित रिक्त पदों के विरूद्ध आर.एस.आर सेवा नियम अंकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वाले सेवानिवृत्त कार्मिकों/निजी अभ्यर्थियों से परिपत्र में वर्णित दरों पर बजट उपलब्ध की शर्तों के अध्याधीन गैस्ट फैकल्टी लिए आवेदन पत्र दिनांक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र स्थानीय विद्यालय से प्राप्त कर अन्तिम तिथि दिनांक 02.08.2024 तक सुबह 09:30 बजे दोपहर 12:00 बजे तक जमा करवाये जा सकते है।

क्र.सं.	विषयावर रिक्त पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1	व्याख्याता-भौतिक विज्ञान	कुल 01 पद	PG in the relevant Sub, with B.Ed
4	प्रयोगशाला सहायक	कल 02 पद	12th Pass with Physics Chemistry, Biology
	कुल रिक्त पद	कुल 03 पद	

नोट:- पदों में कमी या वृद्धि का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

आवेदनकर्ताओं का चयन विभागीय नियमानुसार चयन समिति द्वारा वरीयता सूची के आधार पर किया जायेगा। चयनित आवेदनकर्ताओं को मानदेय वित्त विभाग के उपर्युक्त परिपत्र (अद्यतन) के अनुसार दिया जायेगा। आवेदनकर्ता की शैक्षणिक अर्हता राज्य सरकार के संबंधित पद-सेवा नियमों के अनुसार होनी चाहिए। विद्यालय में रिक्त पद विभाग द्वारा भरे जाने पर यह व्यवस्था स्वत: समाप्त समझी जावेगी।

प्रधानाचार्य, देव रा.बा.आ.वि. देवलेन करौली